Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **फलोदी, जोधपुर में सरपंच प्रतिनिधि (प्राईवेट व्यक्ति) 10 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *17 सितम्बर, मंगलवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की जोधपुर ग्रामीण इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **बच्चु खाँ सरपंच प्रतिनिधि (सरपंच का जेठ) ग्राम पंचायत बरजासर, तहसील व जिला फलोदी** को परिवादी से **10 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की जोधपुर ग्रामीण इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि मनरेगा में स्वीकृत टांका निर्माण कार्य में मस्टररोल जारी करने, पूरा पेमेन्ट भरने एवं अन्य कार्य प्लान में फीड करने की एवज में आरोपी बच्चु खाँ सरपंच प्रतिनिधि (सरपंच का जेठ) ग्राम पंचायत बरजासर, तहसील व जिला फलोदी द्वारा **10 हजार रुपये** रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री हरेन्द्र महावर** के सुपरवीजन में एसीबी की जोधपुर ग्रामीण इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पारस सोनी** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम **पुलिस निरीक्षक श्रीमती अनु चौधरी** एवं अन्य के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी बच्चु खाँ सरपंच प्रतिनिधि (सरपंच का जेठ) ग्राम पंचायत बरजासर, तहसील व जिला फलोदी को परिवादी से **10 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**